PAGE NO.:
DATE: / /

No-91 Date - 07.08.2025

## Notice

All pupil teachers, teaching and non-teaching staffs are hereby informed that a "Mehandi Competition program" will going to be organized on 08/08/2025 at Mathurakhan Mahto B.Ed. College premises. Regarding this the presence of all are mendatory.

Meena Kumari
7.8.25

Mahto
07/08/2025

1) Suniet Kumar — Suniel
2) Anima Minz — Anima 07/08/25
3. Mukesh Kashyap — [signature]
4. Dr. Dolly Sharma — Sharma
5. Jyoti Bala — Bala
6. Anjali Hemrom — A Hemrom
7. J.N. Mahto — Mahto
8 Nagendra Kumar Mahto — Nagendra
9. B.K. Goutam — [signature]
10. Nishant Kumar — Kumar 07/08/25
11. Nikhil Kumar Das — Das 7/8/25
12. Ruby Sahu — Ruby 07/08/25
13. Neha Soreh — Anjali 07/08/25
14. Mukul Kumari — Mukul 07/08/25
15) Dr. Ashish Kumar — Ashish
16) Anamika Kumari — Anamika Kumari 07/08/25
17) Dr. Jyoti Kumari — Jyoti 07/08/25
18 Yogendra Kr. Mahto — [signature]

On the date - 8 - 8 - 2025, a program of henna Competition was held in the auditorium of Manrakhan Mahto B.Ed. college.

## मनरखन महतो बी.एड. कॉलेज में सावन उत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

दबंग हिन्द, संवाददाता




ओरमांझी। सावन उत्सव के शुभ अवसर पर मनरखन महतो बी.एड. कॉलेज में शुक्रवार को रंगारंग मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एम.एड., बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष मनरखन महतो द्वारा किया गया। पूरे आयोजन में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हाथों में पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों की मेहंदी रचाकर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन सौंदर्य, सृजनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार- शिवानी कुमारी (बी.एड. 2024-2026), द्वितीय पुरस्कार- मधु कुमारी एवं अंशु कुमारी (बी.एड.2024-2026) तृतीय पुरस्कार- रीना कुमारी (डी.एल.एड. 2025-2027) एवं श्रद्धा कुमारी (बी.एड. 2024-2026) को दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि सावन का महीना धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ प्रकृति की सृजनात्मकता का प्रतीक भी है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी। निदेशक महोदय ने कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम है, बल्कि छात्राओं की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को भी उजागर करने का सशक्त मंच है। प्राचार्य महोदय के अनुसार, ऐसे आयोजनों से छात्राओं को अपनी कला प्रदर्शित करने और भारतीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर ट्रस्टी विरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासिका मीना कुमारी एवं पूनम कुमारी, कॉलेज के व्याख्यातागण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

दबंग - 9/8/2025

### मनरखन महतो बीएड कॉलेज में सावन महोत्सव का आयोजन

## विभिन्न डिजाइनों की मेहंदी रचाकर कला-प्रतिभा के प्रदर्शन के माध्यम से सावन महोत्सव को आकर्षक रूप दिया गया

एक संदेश संवाददाता



बेड़ो: राजधानी रांची के बीआईटी मोड़ स्थित मनरखन महतो बीएड कॉलेज में सावन महोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एमएड, बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने बड़ा ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षुओं ने हाथों में विभिन्न डिजाइनों की मेहंदी रचाकर अपनी कला-प्रतिभा का प्रदर्शन के माध्यम से सावन महोत्सव को आकर्षक रूप दिया। मुख्य अतिथि सह संस्थान के अध्यक्ष मनरखन महतो ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता, पारंपरिक मूल्यों का सम्मान तथा रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशलों का विकास करना है। इससे छात्रों में टीम भावना का विकास होता है। साथ ही ऐसे आयोजन से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को मूर्त रूप देने में सहायता मिलती है। इसलिए ऐसे आयोजन में सभी को अवश्य भाग लेनी चाहिए। निदेशक मनोज कुमार महतो ने कहा मेहंदी प्रतियोगिता न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम है, बल्कि छात्रों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को भी उजागर करने का एक सशक्त मंच है। ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी कला प्रदर्शन एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस मेहंदी प्रतियोगिता में शिवानी कुमारी बीएड को प्रथम, मधु कुमारी व अंशु कुमारी बीएड को द्वितीय एवं रीना कुमारी व श्रद्धा कुमारी डीएलएड तथा बीएड की छात्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें अध्यक्ष मनरखन महतो, निदेशक मनोज कुमार महतो व महाविद्यालय के प्राचार्य ने पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया। वहीं प्राचार्य ने सावन महोत्सव में सहयोग प्रदान करने वाले एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं साधुवाद दिया। मौके पर ट्रस्टी विरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासिका मीना कुमारी, पूनम कुमारी व कॉलेज के व्याख्यातागण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

एक संदेश - 9/8/2025

## मनरखन महतो बीएड कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता, शिवानी को प्रथम स्थान



रांची | मनरखन महतो बीएड कॉलेज में सावन उत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में एम एड बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इसकी शुरूआत कॉलेज के अध्यक्ष मनरखन महतो ने किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, विद्यार्थियों ने अपने हाथों में विभिन्न पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की मेहंदी रचाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सुंदरता, सृजनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों को आंका गया। प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी कुमारी (बीएड 2024-2026), द्वितीय मधु कुमारी एवं अंशु कुमारी (बीएड 2024-2026) एवं तृतीय रीना कुमारी एवं श्रद्धा कुमारी (डीएलएड 2025-2027 एवं बीएड 2024-2026) को दिया गया। मौके पर ट्रस्टी विरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासिका मीना कुमारी व पूनम कुमारी व अन्य शामिल थे।

दैनिक भास्कर - 9/8/2025

## मनरखन महतो बीएड कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता



रांची. मनरखन महतो बीएड कॉलेज में सावन उत्सव पर शुक्रवार को मेहंदी प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगता में एमएड, बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षु शामिल हुए. कार्यक्रम का उदघाटन कॉलेज अध्यक्ष मनरखन महतो ने किया. छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की मेहंदी रचाकर प्रतिभा दिखायी. बीएड (सत्र 2024-26) की शिवानी कुमारी को पहला पुरस्कार मिला. वहीं, बीएड (सत्र 2024-26) की मधु कुमारी और अंशु कुमारी दूसरे स्थान पर रही. इसके अलावा डीएलडी (सत्र 2025-2027) की रीना कुमारी व बीएड (सत्र 2024-26) की श्रद्धा कुमारी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं.

प्रभात खबर प्रकाशित - 9/8/2025

Principal Sig.

**Principal**
**Manrakhan Mahto B.Ed. College**
**Ranchi**

# MANRAKHAN MAHTO B.Ed. COLLEGE

**NAAC Accredited Grade : "B"**

Recognised By NCTE, Affiliated to Ranchi University Ranchi & Jharkhand Academic Council

Kedal, BIT More, Ranchi, Jharkhand - 835217

## SAWAN MAHOTSAV & MEHANDI COMPETITION 2025




(1)




(2)



(3)



(4)

During Mehandi Competition

1. Students showcasing their mehandi designs (Geo Tag)
2. Teachers, Dignitaries and participants during mehandi competition (Geo Tag)
3. Dignitaries observing the mehandi designs
4. Students with their mehandi designs

Dated:08.08.2025

08/08/25

Principal

*Principal*
Manrakhan Mahto B.Ed. College
Ranchi